# 7 राजस्थान में सूखा व अकाल

1. वर्ष 2023 में राजस्थान के कितने जिलों को बाढ़ से फसल खराब होने पर अभावग्रस्त घोषित किया गया है?
(1) 3 जिले (2) 8 जिले
(3) 6 जिले (4) 2 जिले (4)

**व्याख्या–** वर्ष 2023 में 2 जिलों के 238 गाँवों को बाढ़ से फसल खराब होने पर अभावग्रस्त घोषित किया गया है।

2. राज्य में सन् 1843-44 में पड़े विनाशकारी अकाल का नाम क्या पडा?
(1) सहसा (2) मूदसा
(3) सहसा भूदुसा (4) छप्पनिया (3)

3. 1899 ई. में पड़े अकाल का नाम था?
(1) मैक्रो ड्रॉट (2) छप्पनिया अकाल
(3) सहसा भूदुसा (4) पंचकाल (2)

4. ''तीजो कुरियों आठों काल'' इस कहावत में कुरियों से तात्पर्य है?
(1) अर्द्ध अकाल (2) ओलावृष्टि
(3) आँधी (4) चक्रवाती तुफान (1)

5. राज्य में अकाल व सूखा पड़ने का क्या कारण है?
(1) वर्षा की कमी (2) जलवायु की विषमता
(3) अरावली की स्थिति (4) उक्त सभी (4)

6. 'पग पूगल धड़ कोटड़े बाहु बाड़मेर जाये लादे जोधपुर, ठांवो जैसलमेर' ये कहावत किससे संबंध रखती है?
(1) बेरोजगारी (2) ग्रीष्म ऋतु (3) अकाल (4) महामारी (3)

7. राजस्थान का प्रथम अकाल राहत कार्य किस जिले में प्रारंभ हुआ और किसका निर्माण करवाया गया?
(1) उदयपुर, पिछोला झील
(2) राजसमन्द, राजसमन्द झील
(3) जैसलमेर, बुझ झील
(4) बीकानेर, कोलायत झील (2)

8. भोजन, पानी और चारा की समस्या उत्पन्न हो तो वह अकाल कहलाता है?
(1) पूर्ण अकाल (2) त्रिकाल
(3) महाकाल (4) छपनियाँ अकाल (2)

**व्याख्या–** ये सबसे भयंकर अकाल है, जिसमें अन्न, जल व तृण तीनों का अभाव हो जाता है। राजस्थान में 1987 त्रिकाल पड़ा था।

9. मौसम विज्ञान के अनुसार सामान्य वर्ष से 51% व अधिक वर्षा में कमी होने पर .......... सूखा कहते है?
(1) सामान्य (2) भंयकर
(3) मध्यम (4) नहीं (2)

**व्याख्या–** भारतीय मौसम विभाग ने सूखे को दो विभागों में बांटा है–
1. प्रचंड सूखा 2. सामान्य सूखा
प्रचंड सूखा– प्रचंड सूखे में सामान्य सूखे से औसत वर्षा 50 प्रतिशत से कम बारिश होती है।
सामान्य सूखा– सामान्य सूखे में औसत वर्षा से 25 प्रतिशत कम बारिश होती है।

10. मरु विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया गया?
(1) 1977-78 (2) 1989-90
(3) 1985-86 (4) 1974-75 (1)

11. राजस्थान में टिड्डी चेतावनी केन्द्र कहाँ स्थित है?
(1) जैसलमेर (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) बाड़मेर (2)

**व्याख्या–** टिड्डी चेतावनी केन्द्र– जोधपुर, भारत सरकार द्वारा स्थापित संगठन है, जो टिड्डी की स्थिति की निगरानी, चेतावनी और नियंत्रण का काम करता है।

12. राजस्थान के किस जिले को टिड्डियों का प्रवेश द्वार माना जाता है?
(1) जैसलमेर (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) बाड़मेर (1)

**व्याख्या–** राजस्थान में टिड्डियों का प्रवेश द्वारा जैसलमेर को माना जाता है। राजस्थान में टिड्डियों का आक्रमण पाकिस्तान की तरफ से होता है।

13. राजस्थान सरकार ने 13 मार्च, 2020 को राज्य के कितने जिलों के 908 गाँवों को टिड्डी आक्रमण के कारण अभावग्रस्त घोषित किया है?
(1) 6 (2) 7 (3) 8 (4) 9 (3)

**व्याख्या–** राजस्थान सरकार ने 13 मार्च, 2020 को टिड्डी आक्रमण के कारण राज्य के 8 जिलों (जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर, जालौर, पाली, सिरोही) के 908 गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। वर्ष 2020 में बाँसवाड़ा को छोड़कर राजस्थान के कुल 32 जिलों में टिड्डियों का प्रकोप हुआ।

14. राजस्थान में 20वीं शताब्दी का विनाशकारी अकाल किस सन् में पड़ा?
(1) 1987-88 (2) 1989-90
(3) 1967-68 (4) 1977-78 (1)

15. राजस्थान के किस वर्ष में सूखा प्रभावित जिलों की संख्या सर्वाधिक थी?
(1) 2009-10 (2) 2002-03
(3) 2011-12 (4) 2013-14 (2)

**व्याख्या–** वर्ष 2002-03 में राजस्थान के सर्वाधिक 32 जिले अकाल से प्रभावित हुए थे। जबकि 2022-23 में सबसे कम मात्र 1 जिला ही अकाल से प्रभावित हुआ।

16. राज्य में अकाल से निपटने के लिए किसकी स्थापना की गई?
(1) आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग
(2) राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(3) जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(4) उपरोक्त सभी (4)

17. वर्तमान में मरु विकास कार्यक्रम राज्य के कितने जिलों में चल रहा है?
(1) 15 (2) 12 (3) 16 (4) 23 (3)

**व्याख्या–** मरुविकास कार्यक्रम राज्यों के 16 जिलों के 85 विकास खंडों में संचालित है। इस कार्यक्रम उद्देश्य मरुस्थलीकरण को रोकना,

पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखते हुए भूमिकी उत्पादकता में वृद्धि करना, वन विकास, चारागाह विकास करना है।

18. अप्रैल 1999 से मरु विकास कार्यक्रम को केन्द्र और राजस्थान के द्वारा क्रमशः फंड दिया गया–
(1) 65% : 35%  (2) 75% : 25%
(3) 60% : 40%  (4) 80% : 20%  (2)

19. ''तीजो कुरियों आठवों काल'' यह कहावत संबंधित है?
(1) अकाल  (2) ओलावृष्टि
(3) आँधी  (4) चक्रवाती तूफान  (1)

20. DPAP योजना राज्य के कितने जिलों में चल रही है?
(1) 5  (2) 11
(3) 15  (4) 17  (2)

**व्याख्या–** सूखा संभावित क्षेत्र कार्यक्रम 1974–75 में अरावली के पूर्व के 11 जिलों में प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूखाग्रस्त क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग के साथ ग्रामीण क्षेत्र का आर्थिक विकास करना है।

21. राजस्थान का वर्तमान में निम्नलिखित में से कौनसी प्राकृतिक आपदा से सम्बन्ध नहीं है?
(1) भूकम्प  (2) सुनामी
(3) अकाल  (4) बाढ़  (2)

22. मरू विकास कार्यक्रम के बारे में कौनसा कथन असत्य है–
(1) यह 1977 से 78 में प्रारंभ किया गया था।
(2) यह राजस्थान के 16 जिलों के 85 विकास खंड़ों में संचालित है।
(3) इस कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य का भारांश 60:40 है।
(4) इस कार्यक्रम उद्देश्य मरुस्थलीकरण को रोकना, वन विकास, चारागाह का विकास करना है।  (3)

**व्याख्या–** इस कार्यक्रम में केन्द्र व राज्य का भारांश 75:25 है।

23. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| परियोजना | वर्ष |
|---|---|
| (A) मरु विकास कार्यक्रम | I. 1974–75 |
| (B) सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम | II. 1977–78 |
| (C) मगरा क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम | III. 1987–88 |
| (D) कंदरा सुधार कार्यक्रम | IV. 2005–06 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | III | II | I |
| (2) | I | III | II | IV |
| (3) | II | I | IV | III |
| (4) | IV | III | I | II |

(3)

24. अकाल पड़ने पर मवेशियों को लेकर अन्य प्रदेशों की ओर चारे–पानी की खोज में जाने वाला व्यक्ति कहलाता है–
(1) चेजारा  (2) खेडाऊ
(3) लखारा  (4) सिंजारी  (2)

**व्याख्या–** अकाल पड़ने पर मवेशियों को लेकर अन्य प्रदेशों की ओर चारे–पानी की खोज में जाने वाला व्यक्ति खेडाऊ (गोलू) कहलाता है।

25. जिला आपदा प्रबंधन की प्राधिकरण की स्थापना की गई?
(1) 6 सितम्बर, 2007  (2) 9 सितम्बर, 2006
(3) 8 नवम्बर, 2007  (4) 1 जनवरी, 2007  (1)

**व्याख्या–** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण– इस अधिनियम की धारा 25 की अनुपालना में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रत्येक जिले में DDMA की स्थापना 6 सितम्बर, 2007 को की गई।

26. कौनसी पंचवर्षीय योजना सर्वाधिक अकालग्रस्त रही?
(1) 12वीं  (2) 5वीं
(3) 7वीं  (4) 14वीं  (3)

**व्याख्या–** 7वीं पंचवर्षीय योजना (1985–90) इसके पाँचों वर्षों में अकाल पड़ा था। इसका नारा था– भोजन, काम, उत्पादन।

27. वर्ष 2023 में राजस्थान के कितने जिलों को सूखे के कारण अभावग्रस्त घोषित किया गया है?
(1) 5 जिले  (2) 13 जिले
(3) 15 जिले  (4) 7 जिले  (2)

**व्याख्या–** वर्ष 2023 में 13 जिलों की 48 तहसीलों को सूखे के कारण अभावग्रस्त घोषित किया गया।

28. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन कब किया गया?
(1) 6 अगस्त, 2008  (2) 6 सितम्बर, 2007
(3) 8 नवम्बर, 2007  (4) 6 दिसम्बर, 2008  (2)

**व्याख्या–** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उद्देश्य राज्य में प्राकृतिक मानवजनित आपदाओं को रोकने के उपाय करना है।

29. काम के बदले अनाज योजना का प्रारंभ कब किया गया?
(1) 1 नवंबर, 2010  (2) 14 नवंबर, 2004
(3) 14 नवंबर, 2005  (4) 14 नवंबर, 2002  (2)


**व्याख्या–** काम के बदले अनाज योजना का प्रारंभ 14 नवंबर, 2004 को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा किया गया। यह योजना देश के सर्वाधिक पिछड़े 150 जिलों में प्रारंभ की गई है।


30. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का अध्यक्ष होता है?
(1) मुख्यमंत्री  (2) प्रधानमंत्री
(3) मुख्य सचिव  (4) कृषि मंत्री  (1)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।